Important Questions for Class 6

Hindi Durav

Chapter 16 – शिलॉन्ग से फोन

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न **1 अंक**

1. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची बताये।

शुभकामना, बगीचा

उत्तर: शुभकामना - आशीष

बगीचा - बगिया

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द बताये।

बेटी, इच्छा

उत्तर: बेटी - बेटा

इच्छा - अनिच्छा

3. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताये।

मजा, प्रणाम

उत्तर: मजा - किसी बात से मिलने वाला सुख|

प्रणाम - झुककर किसी को अभिवादन करना |

4. फोन कहाँ से आया था?

उत्तर: शिलांग से फोन आया था।

5. फोन किसने किया था?

उत्तर: शिलोंग से फोन अमरनाथ साहब ने किया था।

लघु उत्तरीय प्रश्न **2 अंक**

6. राजेश क्या कर रहा था?

उत्तर: जब अमरनाथ का फ़ोन आया था| उस समय राजेश टेबल-टेनिस खेल रहा था।

7. रमा के जीजा जी का नाम बताओ।

उत्तर: रमा के जीजा जी का नाम सुरेश था।सुरेश ने भी अमरनाथ जी से बात की थी|और उसने भाभी जी का हाल भी जाना था|

8. श्यामला कितने महीने से संगीत सीख रही थी?

उत्तर: श्यामला अपने घर के निकट ही एक विद्यालय जाया करती थी|वह वहा तीन-चार महीने से संगीत सीख रही थी।

9. रविन्द्र जी कौन थे?

उत्तर: रविन्द्र जी संगीत सिखाया करते थे। वो श्यामला के संगीत विद्यालय संगीत के अध्यापक थे।

10. छुट्टी के दिन टिंकू क्या कर रहा था?

उत्तर: छुट्टी का दिन होने के कारण टिंकू आज घर पर ही था|टिंकू छुट्टी के इस दिन टीवी पर कार्टून देख रहा था।

लघु उत्तरीय प्रश्न **3 अंक**

11. भाभी जी के बारे में किसने पूछा था ?और जवाब में अमरनाथ ने क्या कहा ?

उत्तर: भाभी जी के बारे में सुरेश ने पूछा था। अमरनाथ ने जबाब में कहा था की भाभी जी बहुत खुश और मजे में हैं। फ़िलहाल वो बगीचे में कुछ काम कर रही है|वह बगीचे में पौधों को पानी दे रही है ।

12. संगीत कौन सीख रहा था?

उत्तर: श्यामला संगीत सीख रही थी। वह अपने घर के निकट ही के एक विद्यालय संगीत सिखने जाया करती थी|उसके इस विद्यालय का नाम गन्धर्व कला था| उसको अभी संगीत सीखते हुए तीन चार महीने ही हुए थे।

13. अमरनाथ जी ने फ़ोन क्यों किया था?

उत्तर: अमरनाथ जी ने अपनी छोटी बहन रमा का हाल-चाल पूछने के लिए फोन किया था। फ़ोन पर उन्होंने परिवार के सभी लोगो का हालचाल जाना |जहा उन्होंने रमा के बच्चो और सुरेश से बहुत सारी बाते की|

14. अमरनाथ ने श्यामला को क्या आशीर्वाद दिया?

उत्तर: जब अमरनाथ जी ने श्यामला से बात की तब श्यामला ने उन्हें बताया की अभी वह संगीत विद्यालय में संगीत सिख रही है|यह जानकर ही अमरनाथ बहुत प्रसन्न हुए और श्यामला को सफल होने की शुभकामनाएँ दी।

15. अमरनाथ कौन था?

उत्तर: अमरनाथ रमा का बड़ा भाई था वो शिलांग में ही रहता था।उसने रमा और परिवार का हालचाल जानने के लिए वहा फ़ोन किया था| अमरनाथ ने वहा सभी लोगो से बाते की|

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न **5 अंक**

16. सुरेश और अमरनाथ के बीच क्या बात हुई?

उत्तर: अमरनाथ ने सुरेश के बारे में रमा से पूछते हुए उससे बात करवाने के लिए कहा तब रमा ने फ़ोन सुरेश को दे दिया| तब सुरेश ने फ़ोन लिया और उसने सबसे पहले अमरनाथ जी का अभिवादन किया |इसके बाद में उसने अमरनाथ जी का हालचाल पूछा और भाभी जी के बारे में भी पूछा|इसके बाद उत्तर मे अमरनाथ जी ने बताया की वह बगीचे में है और पौधों को पानी दे रही है।यह कहते ही श्यामला भी वहा आ गई और सुरेश ने फ़ोन उसे दे दिया|

17. रमा ने अमरनाथ को क्या बताया?

उत्तर: रमा फ़ोन पर अमरनाथ जी से बात कर रही थी। रमा ने उनका हालचाल जाना|इसके बाद में अमरनाथ ने रमा से घर के सभी लोगो के बारे में पुछा|तब रमा ने बताया की आज छुट्टी का दिन है।छुट्टी होने के कारण अभी टिंकू टीवी पर कार्टून देख रहा है । इसके बाद रमा ने श्यामला के बारेमें बताया की वह अभी संगीत का अभ्यास कर रही है । बड़ा बेटा जिसका नाम है वह अभी टेबल-टेनिस खेल रहा है ।

18. ननकू और अमरनाथ के बीच क्या बात हुई ?

उत्तर: सबसे पहले ननकू ने ही फ़ोन उठाया था|सबसे पहले उसने पुचा कौन हो आप? तब दूसरी तरफ से आवाज़ आती है की मई अमरनाथ हु और शिलोंग से बात कर रहा हु| ननकू ने उन्हें पहचान लिया था| इसके बाद ननकू ने भी अपनी पहचान अमरनाथ जी को दी और उन्हें नमस्ते किया और उनका हाल पूछा।इसके बाद ननकू ने फ़ोन रमा को दे दिया|

19. श्यामला और अमरनाथ के बीच क्या संबंध था और उनके बीच क्या बात हुई?

उत्तर: अमरनाथ श्यामला के मामा थे| जब फ़ोन श्यामला ने लिया तब अमरनाथ ने श्यामला से संगीत सिखने के बारे में पूछा। श्यामला ने उन्हें बताया कि वह अभी एक संगीत विद्यालय जाती है उसका यह विदयालय उसके घर के बगल में ही है| जिसका नाम गंधर्व कला है। उसको अभी संगीत सीखते हुए तीन चार महीने ही हुए है।इसके बाद श्यामला ने रविन्द्र जी से संगीत सिखने की बात की कि उसे उनसे संगीत सीखने की बहुत इच्छा है|

20. रमा और अमरनाथ के बीच क्या बात हुई?

उत्तर: रमा ने सबसे पहले अमरनाथ जी से हाल पूछा तो इसके जबाब में अमरनाथ ने कहा कि यहाँ सब अच्छा है। बाद में अमरनाथ ने रमा से घर में सबके बारे में पूछा |तब रमा ने बताया की आज छुट्टी का दिन है। छुट्टी होने के कारण अभी टिंकू टीवी पर कार्टून देख रहा है । बेटी श्यामला अभी संगीत का अभ्यास कर रही है ।बड़ा बेटा अभी राजेश टेबल-टेनिस खेल रहा है।इसके बाद रमा ने सुरेश को फ़ोन दे दिया|